


यात्री परेशान, बीते 6 दिनों में सिर्फ एक भी दिन समय पर नहीं पहुंची ट्रेन

# कोहरा बना मुसीबत : पातालकोट एक्सप्रेस का फिर बिगड़ा शेड्यूल



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 जनवरी. कोहरे की वजह से ट्रेनों की के अप और डाउन में परशोनी का कारण बन गई है। हालात यह है कि अल सुबह कोहरे के कारण ट्रेनों की लेट-लतीफी शुरू हो गई है। ऐसे में यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है...**

कहने को तो छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन का दर्जा प्राप्त है लेकिन उसके बावजूद भी जो सुविधाएं यात्रियों को मिलनी चाहिए। वैसी सुविधा का अभी भी अभाव है। एक तो पहले से ही ट्रेनों की कमी ओर अब जो ट्रेनें चल रही है। वह भी समय से नहीं चल रही है। दरअसल शीत ऋतु का मौसम होने से घने कोहरे की वजह से पातालकोट एक्सप्रेस बीते 6 दिनों से निर्धारित समय से छिंदवाड़ा नहीं पहुंच रही है।। पातालकोट ट्रेन का छिंदवाड़ा पहुंचने का सही समय सुबह 5-05 मिनट है। बात करें बीते 6 दिनों की तो एक भी दिन समय पर ट्रेन छिंदवाड़ा नहीं पहुंची है । सोमवार के दिन तो पातालकोट एक्सप्रेस ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ लगभग 6 घंटे से अधिक समय से ट्रेन पहुंची है।

दरअसल प्रदेश सहित अन्य जिलों में घना कोहरा होने की वजह से ट्रेन के देरी से परिचालन के यात्रियों को कई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पातालकोट एक्सप्रेस के समय से परिचालन न होने से उन्हें आगे की यात्रा भी कैंसिल करनी पड़ रही है। कई लोग अपने जरूरी काम पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

### *मैसेज से भी नहीं दे रहे जानकारी*

*शहर के चंदन गांव निवासी रवि पाटनकर ने बताया कि रेलवे को ट्रेन के देरी से चलने की सूचना मोबाइल पर मैसेज करके देना चाहिए। उन्होंने बताया कि सोमवार के दिन पूरा परिवार यात्रा के लिए सुबह 4-30 बजे छिंदवाड़ा स्टेशन पहुंच गया। उन्हें दिल्ली जाना है, लेकिन पता चला कि ट्रेन पांच घंटे लेट है। सुबह आने वाली ट्रेन दोपहर में आएगी। ऐसे में पूरा दिन उन्हें स्टेशन पर ही गुजारना पड़ा। ऐसे ही कई लोग थे जिन्हें जरूरी काम से भोपाल, इटारसी पहुंचना था।*

## स्कूल के पास जमा था जुएं का फड़, पुलिस की दबिश

**छिंदवाड़ा.** जिले में इन दिनों 52 ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव का खेल तेजी से फल फूल रहा है। हालांकि पुलिस समय समय पर ऐसे जुआफड़ों पर दबिश देकर कार्यवाही भी कर रही है। एक ऐसा ही मामला फिर कुंडीपुरा थाना क्षेत्र से सामने आया है जहां पुलिस ने दबिश देकर छह आरोपियों के पास से नगदी समेत 52 ताश के पत्तों को जब्त कर कार्यवाही की है।कुंडीपुरा थाना प्रभारी महेन्द्र ।गत ने बताया कि मंगलवार की देर रात मुखबिर की सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम चन्हियाकला स्कूल के पास कुछ लोग अवैध रूप से जुआफड़ पर किस्मत आजमा रहे है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी तो वहां से राजेन्द्र वर्मा, गोविंद वर्मा, सतीश वर्मा, दीपक यादव, उदित शिंदे और सूरज वर्मा के पास से चार हजार रूपए नगद और 52 ताश के पत्तों को जब्त कर सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है।

# अचानक दुकान में लगी आग, मची अफरा तफरी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 जनवरी.शहर के राजीव गांधी प्राइवेट बस स्टैंड में उस समय हड़कप मच गया। जब अचानक की एक दुकान में आग लग गई और देखते ही देखते दुकान से धुएं और हल्की आग की लपटे बाहर आने लगी। दरअसल यह घटना बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है।**

जहां अचानक की एक दुकान में आग लग गई। राजीव गांधी बस स्टैंड के निगम काम्प्लेक्स के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित एक दुकान से अचानक धुआं उठता नजर आया। धुआं देखते ही आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और तीन पानी के टैंकरों की मदद से काफी देर बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। हालांकि अभी तक नुकसान का आंकलन और आग के कारणों को पता नहीं चल पाया है ।




# सड़क हादसे में युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 जनवरी. धमरटेकड़ी चौकी क्षेत्र में एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।**

जानकारी अनुसार सवीर काकोडिया पिता प्रेमचंद उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम भुला मोहगांव का रहने वाला है। बीते दिन उसकी वनगांव के पास उसकी बाइक को सामने से आ रहे वाहन से टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर सैंकड़ों लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**नाड़ी परिक्षण ईलाज**

**(1) लकवा, बिपी, शुगर, दारू छोड़ना, पाथरी, मानसिक रोग, स्त्री रोग, सर दर्द, चक्कर , दुबलापन रोग, हड्डी जोड़, दमश्वास, टिबी कैन्सर आदि व अन्य इलाज किया जाता है.**

पंजीयन क्रमांक-24825/25
वैध श्री, धर्मेन्द्र बनारसे
मु. घडेला तह.सौंसर
जिला पादुरना (म.प्र.)
मोबा. 8305876287


# पिकअप और बाइक की टक्कर में दो की मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 जनवरी. कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के बनगांव सर्कल में हादसा होने से बीती रात दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे।**

जानकारी अनुसार वीरेंद्र पिता राधेलाल तुमड़ाम उम्र 26 साल पोआमा का रहने वाला है। वह अपने साथी के साथ अमरवाड़ा की ओर से लौट रहा था। इस दौरान वनगांव सर्कल के समीप सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि सारना क्षेत्र में रिंग रोड सर्कल पर सड़क हादसो का इजाफा हो गया है। जिसकी मुख्य वजह सांकेतिक बोर्ड की कमी है।

## जहर सेवन से युवती की मौत

**छिंदवाड़ा।** चौरई थाना क्षेत्र के करलई गांव के रहने युवती ने जहर का सेवन कर लिया। इस घटना में बुधवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार मानवती पति चमन उइके उम्र 35 साल कलरई गांव की रहने वाली है। बीती रात उसने जहर का सेवन कर लिया था। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। परिजनों गंभीर हालत में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाइक अनियंत्रित- नाली में गिरने से युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 जनवरी.** उमरानाला चौकी क्षेत्र में बुधवार को एक युवक की बाइक अनियंत्रित होने के बाद हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि युवक बैतूल की तरफ से आ रहा था। इस दौरान यह हादसा हुआ है। जानकारी अनुसार विकास उइके हिवरा खंडारा जिला बैतूल का रहने वाला है। वह बाइक से छिंदवाड़ा की तरफ आ रहा था। इस दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सिल्लेवानी में सड़क के किनारे नाली में जा घुसी। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोटें आई। मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची एनएचएआई की एम्बूलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को सुरक्षित मरच्युरी में रखवा दिया है। परिजनों की मौजूदगी में आज शव का पीएम किया जाएगा।


**मन स्पर्श माइंड केअर क्लिनिक**

**डॉ. तुषार ताल्हन**
M.B.B.S, M.D.
(NEURO-PSYCHIATRY)
एक्स रेसीडेंड लोकमान्य तिलक सायन हॉस्टिपल, मुंबई

मस्तिष्क, मनोरोग, सेक्स रोग, मिर्गी एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ

संपर्क करें- 8109790451

मिलने का समय
दोप. 2.30 से 5 बजे तक एवं शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध सुविधाएं
- नशामुक्ति (शराब, तंबाकू, अफीम, गांजा, भांग, चरस इत्यादि)
- सरदर्द माइग्रेन
- नींद की बीमारिया
- ईईजी जांच सुविधा
- बुद्धि की जांच
- डिप्रेशन, ओ.सी.डी.
- दौरे/मिर्गी की बीमारी
- सिजेफ्रेनिया
- बेवजह गुस्सा एवं व्यवहार की समस्याएं
- पारिवारिक/वैवाहिक कलह-परामर्श
- बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
- बायोफीडबैक रिलैक्सशन थैरेपी (बिना दवाईयों के स्ट्रेस हटाने की थैरेपी)

पता- सेंट्रल एवेन्यू कॉम्पलेक्स, पतंजली शोरूम बाजू में एचपी पेट्रोल पंप के सामने, परासिया रोड छिंदवाड़ा






एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*

कॉर्पोरेट ऑफ़र ₹2200/-*

Hero GoodLife — Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

FCB INTERFACE/8486/JANUARY26/HINDI



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी । * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589